आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 11.09.2025 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- 18वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन कल नई दिल्ली के भारत मंडपम में शुरू होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सम्मेलन में वैश्विक कल्याण की आकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए सकारात्मक चर्चाएं होने की उम्मीद जताई।
- राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में चिकित्सा शिक्षा, स्वास्थ्य और खेल सहित 10 प्रस्तावों को मिली मंजूरी।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने श्री मदन मोहन मालवीय प्राच्य शोध संस्थान, ऋषिकुल के प्रस्तावित मास्टर प्लान की समीक्षा की। आयुर्वेद, योग और भारतीय ज्ञान परंपरा का प्रमुख केंद्र बनाने के निर्देश दिए।
- प्रदेश के सभी शासकीय और अशासकीय विद्यालयों के लिए बनेगी आपदा प्रबंधन योजना।

ब्रिक्स शिखर सम्मेलन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि विश्व के नेता कल से शुरू होने वाले 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए नई दिल्ली में एकत्रित हो रहे हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने विश्वास व्यक्त किया कि सम्मेलन में विभिन्न मुद्दों पर सकारात्मक और सार्थक चर्चा होगी और इसका मार्गदर्शक उद्देश्य विश्व कल्याण होगा। भारत मंडपम में आयोजित होने वाले दो दिवसीय शिखर सम्मेलन में ग्यारह प्रमुख उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाएं एक साथ आएंगी। इस वर्ष ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का विषय है– "लचीलापन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता के लिए निर्माण"। इस बीच, आज नई दिल्ली में आयोजित ब्रिक्स व्यापार मंच में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि आज हर देश की आर्थिक रणनीति में आत्मनिर्भरता और संकट से उबरने की क्षमता महत्वपूर्ण हो गई है। साथ ही, मजबूत सहयोग और साझेदारी के जरिए सतत विकास को बढ़ावा देना भी जरूरी है।

ब्रिक्स व्यापार मंच, 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले आयोजित होने वाला प्रमुख कारोबारी कार्यक्रम है।

राज्य मंत्रिमंडल

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आज हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में चिकित्सा शिक्षा, स्वास्थ्य और खेल सहित 10 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। मुख्यमंत्री के अपर सचिव बंशीधर तिवारी ने पत्रकारों को बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बैठक में पांच राजकीय मेडिकल कॉलेजों में मेडिकल इंटर्न के स्टाइपेंड को बढ़ाकर 25 हजार रुपये प्रतिमाह करने को मंजूरी दी गई। खेल नीति–2021 के तहत अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को 245 पदों पर नियुक्ति देने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। ये नियुक्तियां युवा कल्याण, परिवहन और शिक्षा समेत विभिन्न विभागों में दी जाएंगी। इसके अलावा, खेल विभाग के तहत माध्यमिक शिक्षा विभाग में पदक विजेता खिलाड़ियों के लिए अपर सहायक व्यायाम के 33 पद सृजित किए गए हैं।

मंत्रिमंडल ने ऊर्जा विभाग व वैकल्पिक ऊर्जा विभाग की उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग की वार्षिक रिपोर्ट को विधानसभा के पटल पर रखने की मंजूरी दी। खाद्य विभाग में विधिक माप विज्ञान की सेवा नियमावली में संशोधन को मंजूरी दी गई है। इसके अलावा, प्रदेश में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें मंत्री और प्रभारी मंत्री शामिल होंगे।

<u>नंदादेवी बड़ी जात यात्रा</u>

नंदादेवी की बड़ी जात यात्रा में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए चमोली पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। थराली क्षेत्र के यात्रा मार्ग को एक जोन और चार सेक्टरों में बांटकर पुलिस, एसडीआरएफ, अग्निशमन सेवा और अन्य टीमों की तैनाती की गई है। पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पंवार ने आज चेपड़ो में यात्रा ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को मौसम और मार्ग की स्थिति पर लगातार नजर रखने तथा जरूरत पड़ने पर तत्काल सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि पांच सितंबर से शुरू हुई यात्रा में पुलिस और एसडीआरएफ के जवान तीनों देव डोलियों के साथ दुर्गम पहाड़ी रास्तों पर श्रद्धालुओं के साथ चल रहे हैं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षित यात्रा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

<u>मुख्यमंत्री / समीक्षा</u>

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज मुख्यमंत्री आवास में हरिद्वार स्थित श्री मदन मोहन मालवीय प्राच्य शोध संस्थान, ऋषिकुल के प्रस्तावित मास्टर प्लान की समीक्षा की। उन्होंने ऋषिकुल को आयुर्वेद, योग और भारतीय ज्ञान परंपरा का प्रमुख केंद्र बनाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने आयुर्वेद, चिकत्सा पर्यटन, योग, ज्योतिष और वैदिक गणित में उच्च स्तरीय शैक्षणिक और शोध सुविधाएं विकसित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि परिसर के वास्तुशिल्प में प्राचीन भारतीय स्थापत्य की झलक के साथ ही आधुनिक सुविधाओं

का समन्वय किया जाए। मुख्यमंत्री ने परियोजना के सभी कार्य चरणबद्ध तरीके से दो वर्ष के भीतर पूरा करने और नियमित समीक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रस्तावित मास्टर प्लान में योग–ध्यान, आयुर्वेद व वेलनेस, भारतीय दर्शन, वैदिक अध्ययन, कला–संस्कृति और शोध गतिविधियों को एकीकृत करने की परिकल्पना की गई है।

स्कूल आपदा प्रबंधन

प्रदेश के सभी शासकीय और अशासकीय विद्यालयों की आपदा प्रबंधन योजना तैयार की जाएगी। इस संबंध में आज आपदा प्रबंधन व पुनर्वास सचिव विनोद कुमार सुमन की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग के अधिकारियों और प्रदेश के सभी मुख्य शिक्षा अधिकारियों के साथ बैठक हुई। बैठक में विद्यालयों को आपदाओं से सुरक्षित बनाने, आपदा के समय त्वरित व प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने तथा छात्र–छात्राओं और स्टाफ की सुरक्षा के लिए आवश्यक तैयारियों पर चर्चा की गई। सचिव ने कहा कि प्रत्येक विद्यालय की आपदा प्रबंधन योजना उस विद्यालय की स्थानीय भौगोलिक परिस्थितियों और संभावित जोखिमों के आधार पर तैयार की जाएगी। इसके लिए विद्यालय स्तर पर स्थानीय आपदा जोखिमों का आकलन किया जाएगा और उसी के अनुरूप सुरक्षा व बचाव की कार्ययोजना तैयार की जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके लिए शिक्षा विभाग और उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण में समिति की गठन किया जाएगा।

राष्ट्रीय पोषण माह

चम्पावत में नौवें राष्ट्रीय पोषण माह के अवसर पर आज जिलाधिकारी मनीष कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान गर्भवती महिलाओं की गोद भराई के साथ पोषण किट और महालक्ष्मी किट भी वितरित की गईं। जिला कार्यक्रम अधिकारी पी.एस. बृजवाल ने बताया कि 8 अक्टूबर तक चलने वाले पोषण माह के दौरान गर्भवती और धात्री महिलाओं, बच्चों तथा उनके परिवारों को संतुलित और पौष्टिक आहार के प्रति जागरूक किया जाएगा।

उधर, पौड़ी गढ़वाल के विभिन्न विकासखंडों में आज 'हमारी आंगनबाड़ी, हमारी जिम्मेदारी' थीम पर 9वें राष्ट्रीय पोषण माह के तहत जागरूकता और जनसहभागिता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान बच्चों, गर्भवती और धात्री महिलाओं के संतुलित और पौष्टिक आहार पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों की सेवाओं में समुदाय की भागीदारी और जिम्मेदारी बढ़ाने के लिए लोगों को जागरूक किया गया।